# जनपद शामली पुलिस

## --सोशल मीडिया सेल शामली--

**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक-18.07.2025**

**थाना झिंझाना पुलिस द्वारा दहेज हत्या के मामले में वाछिंत 02 अभियुक्त व 01 अभियुक्ता गिरफ्तारः-**

ज्ञात हो कि दिनांक 14.07.2025 को थाना झिंझाना क्षेत्रान्तर्गत दहेज हत्या के संबंध में मृतका के परिजनो द्वारा थाना झिंझाना पर लिखित तहरीर दी गई। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना झिंझाना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा घटना में लिप्त अभियुक्तगण की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश प्रभारी निरीक्षक झिंझाना को दिये गये थे।

इसी क्रम में दिनांक 17/18.07.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा दहेज हत्या के मामले में वांछित 02 अभियुक्तों व 01 अभियुक्ता को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त/अभियुक्ताः-**

1.कृष्णपाल पुत्र रामकिशन निवासी ग्राम इन्द्रानगर साल्हापुर थाना झिंझाना जनपद शामली।

2.मनीष पुत्र कृष्णपाल निवासी ग्राम इन्द्रानगर साल्हापुर थाना झिंझाना जनपद शामली।

3.श्रीमती रोशनी पत्नी कृष्णपाल निवासी ग्राम इन्द्रानगर साल्हापुर थाना झिंझाना जनपद शामली।






**SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI**